# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 159/2022

**प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी0एल0एड0) पाठ्यक्रम (सत्र 2022–24) में नामांकन हेतु ऑनलाईन विधि से आयोजित होने वाली डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 का प्रवेश–पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, उनके अभिभावकों, संबंधित जिला पदाधिकारियों/ जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधितों के लिए परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों, संबंधित जिला पदाधिकारियों, संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि **डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 दिनांक 14.09.2022 से 20.09.2022 के बीच बिहार राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में तीन पालियों में आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:–**

| पाली | प्रथम पाली | द्वितीय पाली | तृतीय पाली |
|---|---|---|---|
| Reporting Time | पूर्वाह्न 07:00 बजे | पूर्वाह्न 11:00 बजे | अपराह्न 03:00 बजे |
| Gate Closing Time | पूर्वाह्न 07:30 बजे | पूर्वाह्न 11:30 बजे | अपराह्न 03:30 बजे |
| Test Time | (पूर्वाह्न 08:00 बजे से पूर्वाह्न 10:30 बजे तक) | दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक | अपराह्न 04:00 बजे से अपराह्न 06:30 बजे तक |

2. डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी **दिनांक 06.09.2022 के पूर्वाह्न से** अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति की वेबसाईट **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर उपलब्ध लिंक (Link) "D.El.Ed. Joint Entrance Test Admit Card" से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करेंगे। इसके अलावे अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं हो सकेगा।

3. उक्त परीक्षा के लिए निर्गत प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा की तिथि, परीक्षा का समय, परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय, परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द होने का समय आदि का विवरण अंकित रहेगा।

4. अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में अथवा प्रवेश–पत्र संबंधित अन्य किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित अभ्यर्थी E-mail ID : BSEB.Helpdesk@cbtexams.in एवं फोन नं0:– 06352601288, 6352602387,06352602343 तथा 06352602197 पर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

5. अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि के कम से कम एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का Location ज्ञात कर लें, ताकि परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने में कोई कठिनाई न हो।

6. **दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतिलेखक की सुविधा :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक–F.No. 16–110/2003-DD III दिनांक 26.02.2013 एवं पत्रांक – F. No. 29–6/2019-DD III दिनांक 10.08.2022 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में वैसे दिव्यांग परीक्षार्थियों को जो स्वयं से लिखने में असमर्थ हैं, उनके अनुरोध के आधार पर श्रुतिलेखक उपलब्ध कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त यह भी प्रावधान है कि दिव्यांग अभ्यर्थीगण अपना श्रुतिलेखक भी ला सकते हैं। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार एवं केन्द्राधीक्षक/सेन्टर मैनेजर को सूचित किया जा चुका है। श्रुतिलेखक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगजन को परीक्षा प्रारम्भ होने के एक सप्ताह पूर्व संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देना होगा।

7. अभ्यर्थियों को इस ऑनलाईन परीक्षा के पूर्व अभ्यास हेतु एक URL/LINK बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की पोर्टल https://assessment.cbtexams.in/mock/BSEB/ पर दिनांक 06.09.2022 से उपलब्ध रहेगा, जिसके लिए User ID एवं Password की आवश्यकता नहीं होगी।

8. **डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 हेतु परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश:–**

(i) सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के साथ दिये गये अनुदेश (Instructions) का अध्ययन आवश्यक रूप से तथा सावधानीपूर्वक करेंगे तथा अनुदेश में दिये गये निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(ii) आवेदन के साथ अपलोड किये गये फोटो की पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो को मूल प्रवेश–पत्र के निर्धारित स्थान पर चिपकाकर साथ में लाएँगे, जिसे परीक्षा कक्ष में वीक्षक को जमा करना होगा। मूल प्रवेश–पत्र की छायाप्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

(iii) परीक्षा केन्द्र पर जूता–मोजा एवं घड़ी पहनकर आना वर्जित है।

(iv) अभ्यर्थी को वैध और मूल फोटो पहचान–पत्र यथा–निर्वाचन पहचान–पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त बैंक पासबुक/ पासपोर्ट/ ड्राइविंग लाइसेंस, फोटो युक्त राशन कार्ड या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फोटो युक्त पहचान पत्र में से कोई एक की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ में लाना है।

(v) प्रवेश–पत्र पर बिना फोटो चिपकाये और बिना वैध फोटो पहचान–पत्र के अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(vi) प्रवेश–पत्र पर अंकित तिथि, स्थान एवं समय पर अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे। निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द हो जाने पर अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(vii) अभ्यर्थी अपने साथ लेखन सामग्री यथा–पेंसिल और बॉल प्वॉयन्ट पेन अवश्य लाएँगे। कोई भी रफ पेपर एवं अन्य सामग्री लाना वर्जित होगा।

(viii) परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति पर होगी। अभ्यर्थी को User Name और Password, जो कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ के 10 मिनट पूर्व सभी अभ्यर्थियों को आवंटित किए जाएँगे, को कम्प्यूटर पर डालने के बाद परीक्षा आरंभ होगी।

(ix) प्रत्येक प्रश्न 3 (तीन) अंकों का है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक दिये जायेंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की कटौती की जाएगी।

(x) पुस्तक, नोटबुक, कैलकुलेटर, कैलकुलेटर घड़ी, पेजर्स, सेल फोन और जो कैलकुलेटर मेमोरी युक्त हो, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, इयर फोन या रिकॉडिंग यंत्र इत्यादि परीक्षा भवन में ले जाना सर्वथा वर्जित है। कोई भी अभ्यर्थी इस प्रकार के अवैध सामग्री एवं परीक्षा भवन में निषिद्ध साधनों के रखने, प्रयोग करने, गलत हरकत या गलत आचरण करने या किसी से मदद लेते या देते पाये जाने पर उन्हें परीक्षा केन्द्र से निष्कासित/अयोग्य घोषित करते हुए अन्य सुसंगत कार्रवाई की जायेगी।

(xi) प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र, परीक्षा तिथि, समय आदि में परिवर्तन का दावा मान्य नहीं होगा।

(xii) प्रवेश–पत्र के विहित स्थान पर वीक्षक के समक्ष अपना हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

(xiii) जब तक परीक्षा की अवधि समाप्त नहीं हो जाती है, तब तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा–कक्ष छोड़कर चले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xiv) परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी का फोटोग्राफ एवं अन्य बायोमेट्रिक सूचनाएँ भी ली जाएँगी।

(xv) परीक्षा कक्ष में सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक (Biometric) उपस्थिति दर्ज करायी जायेगी। बायोमेट्रिक (Biometric) उपस्थिति के अन्तर्गत सभी अभ्यर्थियों को बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान दर्ज करना होगा। साथ ही सभी अभ्यर्थियों का वेब फोटो (Web Photo) भी लिया जायेगा। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का नामांकन के वक्त परीक्षा कक्ष में लिये गये बायोमेट्रिक (Biometric) उपस्थिति से मिलान कराया जायेगा।

9. **कोविड–19 से संबंधित निर्देश**

(i) अभ्यर्थी को भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड–19 से संबंधित अद्यतन निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(ii) अभ्यर्थी को अपने साथ फेस मास्क, व्यक्तिगत हैंड सैनिटाईजर (50 ml), बॉल प्वॉइंट पेन और परीक्षा संबंधी दस्तावेज (प्रवेश पत्र, फोटो परिचय पत्र आदि) लेकर आना आवश्यक है। कोई दूसरी वस्तु लैब/भवन में लाने की अनुमति नहीं है।

(iii) कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि सामाजिक दूरी बनाये रखते हुये, मास्क लगाकर तथा हाथ को सैनिटाईज करते हुए ही यात्रा करें एवं परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों।

(iv) रजिस्ट्रेशन डेस्क पर अभ्यर्थी के हाथों को सैनिटाईज किया जायेगा।

(v) अभ्यर्थी की गतिविधियाँ एवं परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया सी०सी०टी०वी० कैमरे द्वारा लगातार रिकॉर्ड किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)